लोकसभा चुनाव को लेकर नए सिरे से नोडल अधिकारी नियुक्त

मानव संसाधन प्रबंधन के लिए चीनी मिल के एमडी हितेंद्र कुमार को किया नियुक्त

जगमार्ग न्यूज

करनाल। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने लोकसभा के आम चुनाव को लेकर नये सिरे से अलग-अलग कार्यों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार मानव संसाधन प्रबंधन के लिए चीनी मिल के एमडी हितेंद्र कुमार, प्रशिक्षण प्रबंधन के लिए जिला परिषद के सीईओ विवेक चौधरी, बिजली सामग्री प्रबंधन के लिए डीआरओ मनीष यादव, परिवहन व जीपीएस प्रबंधन के लिये आरटीए विजय देशवाल, कंप्यूटराइजेशन, साइबर सुरक्षा व आईटी के लिये एचएसवीपी के ईओ जसपाल सिंह, स्वीप के लिये अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी, कानून व्यवस्था, वीएम और सुरक्षा प्लान के लिये एसपी दीपक सहारण,

ईवीएम/वीवीपैट प्रबंधन के लिये पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता परमिंद्र सिंह, आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के लिये डीएमसी अशोक कुमार(शहरी क्षेत्र) तथा सीईओ जिला परिषद विवेक चौधरी को (ग्रामीण) नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार खर्चा निगरानी के लिये डीईटीसी(निरीक्षण) जितेंद्र राघव, बीपी/पोस्टल बैलेट पेपर, ईटीबीपीएस, मुद्रण/ निर्गमन (इश्यूइंग) के लिए सैनिक, अर्ध सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल राजीव कुंडू, मीडिया/एमसीएमसी के लिए डीआईपीआरओ नरेंद्र सिंह, संचार योजना और एसएमएस निगरानी/आईटीसी के लिये एडीसी अखिल पिलानी, इंद्री के एसडीओ (नागरिक) अशोक कुमार, करनाल एसडीओ (नागरिक) अनुभव मेहता, घरौंडा के एसडीओ (नागरिक) राजेश सोनी और असंध के एसडीओ (नागरिक) वीरेंद्र ढुल, मतदाता सूचियों के लिये एडीसी अखिल पिलानी, इंद्री के एसडीओ (नागरिक) अशोक कुमार, करनाल एसडीओ (नागरिक) अनुभव मेहता, घरौंडा के एसडीओ (नागरिक) राजेश सोनी और असंध के एसडीओ (नागरिक) वीरेंद्र ढुल को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायत निवारण व सी-विजिल आदि के लिये चीनी मिल के एमडी हितेंद्र कुमार, पर्यवेक्षकों से संपर्क के लिए डीईटीसी (एक्साइज) समीर यादव, डीसीसी(जिला संपर्क केंद्र)-1950 के लिये चीनी मिल के एमडी हितेंद्र कुमार, वीडियोग्राफी प्रबंधन के लिये उप जिला शिक्षा अधिकारी शुभम सोलंकी, मेडिसन किट के लिये सीएमओ डा. कृष्ण कुमार, माइक्रो पर्यवेक्षक के लिए एलडीएम एसके हंडूजा, खाद्य एवं तेल प्रबंधन के लिये डीएफएससी अनिल कुमार कालड़ा, कल्याणकारी उपायों के लिये जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान, सुविधा एप (रैली, जुलूस, वाहनों व जनसभाओं के लिए मंजूरी) के लिए एडीसी अखिल पिलानी, इंद्री के एसडीओ (नागरिक) अशोक कुमार, करनाल एसडीओ (नागरिक) अनुभव मेहता, घरौंडा के एसडीओ (नागरिक) राजेश सोनी और असंध के एसडीओ (नागरिक) वीरेंद्र ढुल को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

'मां का कर्ज नहीं उतारा जा सकता'

जगमार्ग न्यूज

इंद्री। गांव मटक माजरी स्थित शहीद उधम सिंह वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मातृ दिवस पर विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक नृत्य प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों द्वारा पढ़ी गई कविताएं सुनकर सभी बच्चों व माताओं की आंखों में प्रेम रूपी आंसू आ गए। स्कूल प्रबंधक रमेश कांबोज ने कहा कि माता का दर्जा तो देवताओं से भी बढकर् है। माता अपनी संतान का पालन पोषण करती है और उनके हर एक दुःख दर्द और कष्ट को दूर करने का निरंतर प्रयास करती रहती है। माता तो साक्षात प्रेम की मूर्ति होती है। हम बार-बार भी जन्म लेकर उसके कर्ज को नहीं उतार सकते। प्रधानाचार्या ज्योति खरबंदा ने बच्चों को शिक्षा देते हुए कहा है कि अपने माता-पिता की हर एक बात को हर एक बच्चे को मानना चाहिए क्योंकि मां-बाप ही बच्चों की भलाई के बारे में सबसे ज्यादा सोचते हैं। उन्होंने कहा कि अगर हम उनका कहना नहीं मानेंगे तो उनके दिल को बहुत दुख होगा। विद्यालय में इस प्रकार के कार्यक्रम भविष्य में भी होते रहेंगे। ताकि विद्यार्थियों का संपूर्ण विकास हो सके।

संसार में मां का दर्जा सबसे ऊंचा : संजीव कुमार

इन्द्री, (जगमार्ग न्यूज)। उपमंडल के गांव जैनपुर साधान स्थित चौ. भरत सिंह सी. सै. स्कूल में मातृ दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में स्कूली बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मां के सम्मान की भावना से सभी को ओत-प्रोत कर दिया। कार्यक्रम की शुरूआत में सरस्वती वंदना कर माता सरस्वती के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित किए गए। इस मौके पर स्कूल के प्रिंसीपल संजीव कुमार ने कहा कि संसार में मां का दर्जा सबसे ऊंचा माना गया है। मां के प्यार को पाने के लिए भगवान ने भी इस धरा पर जन्म लिया। उन्होंने कहा कि जिस मां ने हमें जन्म दिया, पाला पोसा और बड़ा किया, उस मां के प्यार को कभी नहीं भूलना चाहिए। इस मौके पर स्कूल के स्कूल के निदेशक नरेन्द्र डबास व चेयरमैन साहब सिंह ने विद्यार्थियों की हौंसलाअफजाई की।

मानवता की सेवा करना ही रेडक्रॉस सोसायटी का उद्देश्य: डॉ. हेमलता शर्मा

जगमार्ग न्यूज

असंध। जीवन चानन महिला महाविद्यालय में विश्व रेडक्रॉस दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में 40 छात्राओं ने भाग लिया। इस दौरान पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया और रैली निकालकर स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। रेडक्रॉस की कोआर्डिनेटर डॉ हेमलता शर्मा ने कहा कि रेडक्रॉस एक ऐसी संस्था है जो मानव सेवा करने में सदैव तत्पर रहती है। मानवता की सेवा करना ही रेडक्रॉस सोसायटी का मुख्य उद्देश्य है।

उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस के युवा स्वयंसेवक व स्वयंसेविकाएं संकट के समय मानवता, करुणा और एकजुटता के महत्व की याद दिलाते है। प्राचार्य डॉ. आर.एन गुप्ता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मानवता की सेवा के लिए हर समय तत्पर रहना चाहिए।

उन्होंने छात्राओं को स्वच्छता के महत्व के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। महाविद्यालय की वाई.आर.सी यूनिट की सदस्य रजविन्द्र के द्वारा वाई.आर.सी के बारे में छात्राओं को जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. नीतू सेठी, केडी शर्मा, रजनी सहित अन्य स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

एसएसटी टीमें सभी वाहनों पर रखें पैनी नजर : डीसी

कैथल, (जगमार्ग न्यूज)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि एसएसटी टीमों में कार्य कर रहे अधिकारी व कर्मचारी वाहनों पर पैनी नजर बनाए रखें। किसी वाहन में जांच प्रक्रिया के दौरान मादक पदार्थ, शराब, नकदी, महंगे गिफ्ट इत्यादि पाए जाते हैं तो उच्च अधिकारियों को सूचित करके उसे सीज करने का काम करें। निर्धारित नाकों पर अलर्ट मोड पर कार्य करें। लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में एसएसटी टीमों में शामिल सदस्यों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने सभी विधानसभा क्षेत्रों में तैनात एसएसटी टीमों से अब तक किए गए कार्यों की फीडबैक ली।

लोकतंत्र के महापर्व में हो सभी मतदाताओं की सहभागिता : वीरेन्द्र सिंह ढुल

रोहताश वर्मा

असंध, (जगमार्ग न्यूज)। सहायक निर्वाचन अधिकारी एवं एसडीएम वीरेन्द्र सिंह ढुल ने कहा है कि लोकतंत्र की मजबूती और सशक्त राष्ट्र के लिए मतदान अति आवश्यक है। प्रत्येक मतदाता को संविधान द्वारा दिये गए अधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक वोट का महत्व है।

एसडीएम वीरवार को स्वीप अभियान के तहत रा. कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व पीएम श्री रा.वरि.मा. विद्यालय असंध में स्कूली बच्चों को सम्बोधित कर रहे थे। इस मौके पर बच्चों को लोकतंत्र में वोट की ताकत के बारे में जानकारी दी गई तथा स्कूली बच्चों का आहवान किया कि अभिभावकों से वोट डालने की अपील करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में सभी की हिस्सेदारी हो और हर व्यक्ति अपने मताधिकार का प्रयोग करें। इसके लिए स्कूली बच्चे जागरूक करेंगे। उन्होंने कहा कि हरियाणा में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनावों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय द्वारा एक नई पहल की गई है, जिसमें स्कूली बच्चों को जोड़ा गया है और उन्हें नकद इनाम से पुरस्कृत किया जाएगा। इस पहल के तहत बच्चों द्वारा इस बार अपने अभिभावकों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जाएगा और मतदान के दिन वोट करने के बाद परिवार के मतदाताओं की उंगली पर लगी नीली स्याही के साथ सेल्फी अपलोड करनी होगी।

कस्सी से वार करके पत्नी की हत्या करने के मामले में आरोपी को भेजा जेल

कैथल, (जगमार्ग न्यूज)। गर्दन पर कस्सी से वार करके पत्नी की हत्या करने के मामले की जांच थाना शहर पुलिस के एसआई विजेंद्र सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी मानस रोड़ कैथल निवासी लखा राम को गिरफ्तार करके आरोपी का बुधवार को न्यायालय से 1 दिन पुलिस रिमांड हासिल किया गया था। बता दें कि मानस रोड कैथल निवासी अमन की शिकायत अनुसार वह शहर में एक हेयर ड्रेसर की दुकान पर काम करता है। वे तीन भाई और दो बहनें है। शनिवार को वह अपनी दुकान से रोज की तरह घर खाना खाने के लिए दोपहर करीब दो बजे आया था। उस समय उसके पिता लक्खा राम और मां रानी के बीच झगड़ा हो रहा था। वह दोनों को समझाकर करीब सवा तीन बजे दुकान पर वापस चला गया। तभी शाम करीब चार बजे पड़ोसी ने सूचना दी।

एमसीएमसी कमेटी कर रही मीडिया में प्रकाशित व प्रसारित विज्ञापनों की निगरानी

कैथल, (जगमार्ग न्यूज)। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि लोकसभा आम चुनाव 2024 के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग के नियमानुसार मतदान के दिन और मतदान से एक दिन पहले प्रिंट मीडिया में विज्ञापन प्रकाशित कराने से पहले प्रत्याशी या राजनीतिक दल को एमसीएमसी से प्रमाण पत्र लेना होगा। वहीं टीवी और लोकल केबल टीवी में विज्ञापन प्रसारित कराने के लिए नामांकन करते ही एमसीएमसी से प्रमाणित कराना होगा। डीसी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में निर्देशन में मीडिया मॉनिटरिंग एवं सर्टिफिकेशन कमेटी का गठन किया गया है। इसके अलावा पेड न्यूज पर नजर रखने के लिए कैथल जिला में लघु सचिवालय के द्वितीय तल पर स्थित डीआईपीआरओ कार्यालय में एमसीएमसी सेल स्थापित किया।

जेएन विद्याव्रत शिक्षण संस्थान रायसन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन

संजीव गुप्ता

निगदू, (जगमार्ग न्यूज)। जेएन विद्याव्रत शिक्षण संस्थान रायसन में मातृ दिवस एवं महाराणा प्रताप की जयंती के उपलक्ष में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रधानाचार्य एवं स्कूल संचालक रोहताश राणा के नेतृत्व में सभी स्टाफ़ सदस्यों द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वल्लन करके किया गया। कार्यक्रम का मंच संचालक अध्यापक लविश चौधरी द्वारा किया गया। विद्यार्थियों ने मातृ दिवस पर मां को समर्पित काव्य पाठ किया। जीवन में मां की ममता व बच्चो से प्यार का गुणगान बहुत ही मनमोहक रूप में बच्चो द्वारा किया गया। छोटे-छोटे बच्चो द्वारा मां की ममता भरे गानों पर बहुत सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया गया साथ ही एक लघु नाटिका का मंचन किया गयां जिसमें जीवन में मां के महत्व को दर्शाया गया । प्रस्तुति देने वाले विद्यार्थियों में प्रीत, खुशी, स्नेहा, यशिता, आराध्या, हर्षिता, अवनी, अर्पिता, निधि, लेकित, अर्चना, मन्नत, सोनाक्षी, तनीषा, रिधिमा, समृता, मनसीरत, गौरांग, समीर, विहान व अन्य बच्चे रहे। प्रधानाचार्य एवं स्कूल संचालक रोहताश राणा ने बच्चों को मातृ दिवस व महाराणा प्रताप की जयंती पर शुभकामनाएं देते हुए बताया कि हर मां जीवन भर अपने बच्चे के प्रति समर्पित रहती है। मां के त्याग की गहराई को मापना किसी के लिए भी संभव नहीं है और न ही हम अपनी मां के अमूल्य उपकारों और प्यार का बदला चुका सकते हैं। यह हमारा कर्तव्य है कि हम अपनी माताओं की देखभाल करें।

पुलिस कर्मचारियों व अधिकारियों को दिया गया प्रशिक्षण

कैथल, (जगमार्ग न्यूज)। आगामी लोकसभा चुनाव ड्यूटी के संबंध में वीरवार को आरकेएसडी कॉलेज में प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिला पुलिस के सभी अधिकारी व कर्मचारियों को हरियाणा पुलिस अकादमी के प्रशिक्षकों द्वारा प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षकों द्वारा चुनाव के पूर्व की तैयारियों, आचार संहिता का महत्व एवं प्रभावशाली, पोलिंग बूथ का निरीक्षण, क्रिटिकल पोलिंग बूथ, थ्योरीकल तथा प्रैक्टिकल प्रक्रिया, वोटिंग, मतगणना इत्यादि के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों तथा पुलिस की जिम्मेदारियों के बारे में विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षकों ने बताया कि पुलिस भी प्रत्येक कार्य चुनाव आयोग के अधीन ही करती है। चुनाव के समय एक पुलिस अधिकारी को निष्पक्षता के साथ ड्यूटी करनी चाहिए।

मां इस संसार में साक्षात देवी की मूरत: देवेंद्र राणा

अशोक वर्मा

निसिंग, (जगमार्ग न्यूज)। शहर के करनाल कैथल रोड़ स्थित गीता निकेतन विद्यापीठ में वीरवार को मदर डे व वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष में रंगा रंग कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वीर शिरोमणि महारणा प्रताप की प्रतिमा पर स्कूल चेयरमैन रकम सिंह राणा व प्रधानाचार्या मंजू बाला सहित अन्स स्टाफ सदस्यों ने पुष्प अर्पित कर उन्हें नमन किया। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी व पूर्व सरपंच देवेंद्र राणा उर्फ बिट्टू पहुंचे। कार्यक्रम में बच्चों ने माताओं के लिए वेलकम सांग,डांस रोकस्टार्स, क्वींस, स्पीच, म्यूजिकल चेयर, सोलो डांस, इमोशनल डांस, सोंगस आदि की प्रस्तुति देकर माताओं का मनोरंजन किया। प्रधानाचार्या मंजू बाला ने मातृ दिवस पर कविता के माध्यम से कहा कि माता न करती दिखावा इबादत का, बस भुखों को खाना खिलाती है,ये दुनिया होगी दुनिया के लिए, मेरे लिए मेरी दुनिया बनाती है मां। प्रधानाचार्य मंजू ने कहा कि मां भले ही छोटा सा शब्द है,लेकिन इसकी प्रशंसा के लिए शब्द नहीं हैं। मां दया व करूणा का सागर है। पूर्व सरपंच व क्षेत्र के प्रमुख समाजसेवी देवेंद्र राणा उर्फ बिटू ने सभी बच्चों की माताओं का स्कूल पहुंचने पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मां इस संसार में साक्षात देवी की मूरत है। मां से अधिक त्याग इस संसार में और कोई नहीं कर सकता है।

वकीलों ने चेंबर परिसर में मनाई महाराणा प्रताप की 884वीं जयंती

जगमार्ग न्यूज

कैथल। चेंबर परिसर में आज वकीलों ने महाराणा प्रताप की 884वीं जयंती धूमधाम से मनाई। चेंबर नंबर 258 पर अमित सिंह राणा द्वारा मनाई गई जयंती में भारी संख्या में वकीलों ने इकट्ठे होकर महाराणा प्रताप को नमन किया।

अपने संबोधन में जिला बार एसोसिएशन के प्रधान बलजिंदर सिंह मलिक ने कहा कि महाराणा प्रताप ने स्वाधीनता के लिए घास की रोटी तक खाई। उन्होंने कभी गुलामी सहन नहीं की और ना ही पीठ दिखाई। युद्ध में मुगलों के दांत खट्टे किए और अपनी सेना का लोहा मनवाया। उन्होंने हिंदुत्व को बचाने के लिए बलिदान दिया। अमन सिंह राणा ने बताया कि महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के मेवाड़ में हुआ था। राजपूत राजघराने में जन्म लेने वाले प्रताप उदय सिंह द्वितीय और महारानी जयवंता बाई के सबसे बड़े पुत्र थे। वे एक महान पराक्रमी और युद्ध रणनीति कौशल में दक्ष थे। महाराणा प्रताप ने मुगलों के बार-बार हुए हमलों से मेवाड़ की रक्षा की। उन्होंने अपनी आन, बान और शान के लिए कभी समझौता नहीं किया। विपरीत से विपरीत परिस्थिति ही क्यों ना हों, कभी हार नहीं मानी। यही वजह है कि महाराणा प्रताप की वीरता के आगे किसी की भी कहानी टिकती नहीं है। 1576 में हल्दी घाटी में महाराणा प्रताप और मुगल बादशाह अकबर के बीच युद्ध हुआ।

कार्यक्रम 'आप' के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा की जनसभा

देश और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रहा इंडिया गठबंधन: अनुराग ढांडा

➪ कहा-बीजेपी ने अग्निवीर योजना लाकर युवाओं से फौज की नौकरी छीनी

जगमार्ग न्यूज

कैथल। आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में कलायत विधानसभा के गांव प्योदा और हरसौला में जनसभा की। उन्होंने कहा कि जनता इस सरकार को बदलना चाहती है और हम इस सरकार से लड़ रहे हैं, इसलिए हम सबका काम साझा है। पिछले पांच साल में आपका समस्याओं को सुनने कोई नहीं आया। लेकिन पांच साल में एक बार ऐसा समय आता है जब नेता आपके पीछे घूमते हैं, यही हमारा लोकतंत्र है। आजाद हिंदुस्तान में हमारा संविधान ऐसा है कि जो कुछ है वो जनता के हाथ में है। लेकिन बीजेपी जनता की इस ताकत को खत्म करना चाहती है। इसलिए ये चुनाव बाकी सभी चुनावों से अलग है। बीजेपी देश में तानाशाही लाना चाहती है। इसलिए ये चुनाव अपनी उस ताकत को बचाए रखने के लिए है। उन्होंने कहा कि बीजेपी के पास लाठी और जेल की ताकत है, इसलिए ये आपको डराने की कोशिश करेंगे। लेकिन हमारे पास वोट की ताकत है। इन्होंने अरविन्द केजरीवाल को इसलिए जेल में डाल दिया क्योंकि वो जनता को बिजली, पानी, शिक्षा और स्वास्थ्य मुफ्त देना चाहते थे इसलिए इनके पेट में दर्द है। आज भी हमें लाठी डंडे के जोर पर दबाना चाहते हैं। लेकिन जनता की एक वोट में इतनी ताकत है कि वो कितना भी बड़ा तानाशाह क्यों न हो उसको भी कुर्सी से उठाकर जमीन पर पटक सकती है। लोकतंत्र में वोट मांगने और अपनी बात रखने का सबको अधिकार है। लेकिन यदि कोई लोकतंत्र में तानाशाही करने की कोशिश करे तो इसका मतलब तानाशाह अब डर रहा है और उसकी गद्दी जाने वाली है। इस बार जनता कुरुक्षेत्र लोकसभा से बीजेपी की जमानत जब्त करा कर भेजेगी। उन्होंने कहा कि देश का लोकतंत्र खतरे में है। सूरत और इंदौर में भाजपा ने दबाव डालकर कांग्रेस के उम्मीदवार का नामांकन वापस करा दिया। सूरत और इंदौर के 20-20 लाख लोगों से वोट का अधिकार छीन लिया। इस बार बिना चुनाव के दो सांसद चुने हैं यदि ऐसा ही चलता रहा तो अगली बार 200-300 सांसद बिना चुनाव के चुन लेंगे। इसलिए इस बार संभलने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि यदि जनता की लोकतांत्रिक ताकत खत्म हो गई तो पांच साल में किसी से सवाल पूछने लायक भी नहीं रहोगे। बिना वोट मांगे और चुनाव घोषणा से पहले ही जो 400 पार कह रहे हैं इसका मतलब उनको आपके वोट की जरूरत नहीं है। बीजेपी का अहंकार सिर चढ़कर बोल रहा है इसलिए इस अहंकार को खत्म करने का आखिरी मौका जनता के पास है।

न्यूज डायरी

भगवान परशुराम भगवान विष्णु के अवतार है, जो सदैव अमर है : साधना बख्शी

पूंडरी, (जगमार्ग न्यूज)। डीएवी पब्लिक स्कूल पूंडरी के प्रांगण में भगवान परशुराम जयंती, महाराणा प्रताप जयंती व मातृ दिवस के उपलक्ष्य में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की प्राचार्या साधना बख्शी ने की। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों द्वारा सुंदर

वेशभूषा में एकल गीत, एकल नृत्य, भाषण, कविता, गीत और लघु नाटिका प्रस्तुत कर भगवान परशुराम जी, महाराणा प्रताप के जीवन वृतांत का परिचय दिया। प्राचार्या ने अपने संबोधन में कहा कि भगवान परशुराम जी भगवान विष्णु जी के छठे अवतार हैं। वे जमदग्नि व माता रेनूका जी के पुत्र हैं। भगवान शिव जी ने उन्हें परसा भेंट किया। जिससे वे भगवान परशुराम के नाम से प्रसिद्ध हुए। आज भी भगवान परशुराम अमर हैं। प्राचार्या ने महाराणा प्रताप के शौर्य और वीरता के बारे में भी विस्तार से वर्णन किया और कहा कि हमें महाराणा प्रताप के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए, वे सदा अजेय रहे। प्राचार्या ने सभी को इस अवसर पर बधाई दी। अध्यापक रूपेंद्र सिंह ने भी भगवान परशुराम जयंती, महाराणा प्रताप जयंती व मातृ दिवस, के उपलक्ष में विस्तार से अपने विचार व्यक्त किए और बच्चों को माता-पिता की सेवा करने का संदेश दिया। इस अवसर पर संगीत विभाग से स्वदेश व जसवीर ने संगीत देकर कार्यक्रम को संगीतमय बना दिया। इस अवसर पर स्कूल का पूरा स्टाफ उपस्थित था।

अक्षय तृतीया पर कोई भी बाल विवाह न हो, सभी रहे सजग : सविता राणा

करनाल, (जगमार्ग न्यूज)। करनाल के सीडीपीओ में बाल विवाह,बाल व महिला हिंसा को लेकर जिला बाल एवं महिला संरक्षण अधिकारी सविता राणा की अध्यक्षता में एक मीटिंग का आयोजन किया गया।इस अवसर पर सीडीपीओ मीना रत्न ने उपस्थित आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को सरकार की चल रही योजनाओं के बारे में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।आंगनवाड़ी सीडीपीओ मीना रत्न ने बताया कि हम कैसे पहले बच्चे,दूसरे बच्चें व गर्भवती महिलाओं को कैसे लाभ मिले विस्तार पूर्वक बताया गया।इस अवसर पर बाल एवम् महिला संरक्षण अधिकारी सविता राणा ने कहा कि आज जानकारी के अभाव में महिलाएं

व बच्चे अपने अधिकारों से वंचित न रहे। उन्होंने बच्चें, महिला व बुजुर्गो के क्या क्या अधिकार है इस विषय पर विस्तार पूर्वक चर्चा की गई। उन्होंने कहा कि अगर आपकें क्षेत्र में अगर कोई दिक्कत आती है तो आप मुझे सीधे कार्यालय में आकर मिल सकते है। कोई भी पीड़ित न हो इस सब के लिया हमारा निरंतर प्रयास है। अक्षय तृतीया पर कोई बाल विवाह न हो हम सब इस बात पर नजर रखे।बी आर सी कुलभूषण शर्मा ने इस मुहिम में शामिल हो कर जल बचाओ व हर घर जल स्कीम की जानकारी देते हुए सामाजिक बुराई समाप्त करने का आश्वासन दिया।इस अवसर पर मुख्य रूप से सभी सुपरवाइजर शहरी व रूरल, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता शामिल रही।

मास्टर महीपाल दूहन ने ग्रामीण आंचल में जरूरतमंदों जच्चाओं को वितरित किया देसी घी

असंध, (जगमार्ग न्यूज)। कस्बे के अध्यापक महीपाल दूहन ने जरूरतमंद जच्चाओं को देसी घी वितरण मिशन को आगे बढ़ाते हुए वीरवार को ग्रामीण आंचल के गांव रंगरूटीखेड़ा व बल्ला में जरूरतमंद जच्चाओं को देसी घी वितरित किया ताकि जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ रह सकें। सर्वविदित है कि सामाजिक कार्यकर्ता मास्टर महीपाल दूहन सन

2012 से अपने मासिक वेतन से प्रत्येक माह जरूरतमंद जच्चाओं को देसी घी वितरित करते आ रहे हैं जिसके अंतर्गत लगभग 500 से अधिक जरूरतमंद जच्चाओं को देसी घी वितरित कर चुके हैं। दूहन ने कहा कि सामाजिक कार्यों के लिए प्रिंट मीडिया व सोशल मीडिया पब्लिसिटी का माध्यम न होकर जरूरतमंदो तक संदेश पहुंचाने का सबसे सशक्त माध्यम है। इस अवसर पर रंगरूटीखेड़ा सरपंच गुलाब सिंह ने प्रसन्नचित होते हुए कहा कि नेक और नियत से किया गया सामाजिक कार्य मनुष्य को आनंद व संतोष प्रदान करता है।

महाराणा प्रताप ने अपने स्वाभिमान की खातिर सर्वस्व न्योछावर कर दिया : भूपेंद्र कौशिक

पूंडरी, (जगमार्ग न्यूज)। गुरुकुल पूंडरी में महाराणा प्रताप जयंती मनाई गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रबंधन समिति सदस्य भूपेंद्र कौशिक व प्रमोद राणा ने विशेष रूप से भाग लिया व अध्यक्षता प्राचार्या सुमन कुमारी ने की। इस मौके पर महाराणा प्रताप की मूर्ति पर पुष्प अर्पित कर उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की गई। भूपेंद्र कौशिक ने कहा कि महाराणा प्रताप को

भारतीय ही नहीं, विश्व के सबसे महान योद्धाओं में से एक माना जाता है। महाराणा प्रताप का जन्म 16वीं शताब्दी के मध्य में वर्ष 1540 को 9 मई के दिन एक राजपूत राजघराने में हुआ था। वह मेवाड़ के शासक थे, जिन्होंने अपने स्वाभिमान की खातिर अपना सर्वस्व न्योछावर कर दिया। गुरुकुल प्राचार्या सुमन कुमारी ने भी उनके जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने प्रजा के लिए अपने राज्य की कृषि व्यवस्था, व्यापार तंत्र और कला को विशेष रूप से प्रोत्साहन दिया था। अपने राज्य में स्वाभिमान की रक्षा करते हुए 19 जनवरी 1597 के दिन राजस्थान में महान शासक महाराणा प्रताप का निधन हो गया था। इस अवसर पर गुरुकुल प्रशासक प्रवीण शर्मा, उप प्राचार्य अशोक गौतम व अन्य स्टाफ सदस्य भी उपस्थित रहे।

आईजी कॉलेज में मनाई महाराणा प्रताप जयंती

कैथल, (जगमार्ग न्यूज)। आज इंदिरा गांधी (पीजी) महिला महाविद्यालय, कैथल में महाराणा प्रताप जयंती मनाई गई। जिसमें बतौर मुख्याथिति प्रबंधक समिति के प्रधान श्री राम बहादुर खुरानिया ने शिरकत की। मुख्यातिथि, कॉलेज प्राचार्या डॉ. आरती गर्ग व सायंकालीन सत्र की प्राचार्या प्रभारी श्वेता तंवर ने महाराणा प्रताप की मूर्ति पर माल्यार्पण और दीप

प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि दी। प्रबंधक समिति के प्रधान श्री राम बहादुर खुरानिया ने अपने वक्तव्य में कहा कि महाराणा प्रताप सिंह का नाम इतिहास में वीरता, शौर्य, त्याग, पराक्रम और दृढ प्रण के लिए अमर है। महाराणा प्रताप की नीतियां ब्रिटिश के खिलाफ बंगाल के स्वतंत्रता सेनानियों के लिए प्रेरणा स्त्रोत बनीं। साथ ही उन्होंने कहा कि कॉलेज में समय समय पर देश की ऐसी महान विभूतियों को याद करने का उद्देश्य होता है कि सभी छात्राएं देश के महान व्यक्तित्व के धनी व्यक्तियों के गौरवमयी चरित्र से परिचित हो व उनसे प्रेरणा ले सके।राजनीति शास्त्र की प्राध्यापिका अलका गोयल ने भी अपने वक्तव्य से उनके जीवन पर प्रकाश डाला।मंचसंचालन संस्कृत प्राध्यापक डॉ. सलिंद्र आचार्य द्वारा किया गया। मौके पर सीमा सुनेजा, मोनिका गुगलानी, आरती चावला, कमलेश, रश्मि शर्मा, अंकिता गोयल, दीपिका व अन्य सभी स्टाफ सदस्य मौजूद रहे ।

किसान पैदावार बढ़ाने के बाद भी कर्ज की दलदल में फंसता जा रहा : सेवा सिंह आर्य

निसिंग, (जगमार्ग न्यूज)। शहर के रोड़ी साहिब गुरूद्वारा में वीरवार को किसानों की एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता किसान नेता गुरमीत सिंह वडैच, कुलदीप सिंह बब्बर व सूखा सिंह लागर ने की। बैठक में मुख्य रूप से किसान नेता व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सेवा सिंह आर्य पहुंचे। बैठक में किसानों की समस्याओं पर विचार विमर्श किया गया। किसा नेता सेवा सिंह आर्य ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा है कि सरकार लगातार किसानों की अनदेखी करते आ रही है। पिछले कई वर्षों से किसान पैदावार को बढ़ाते जा रहे हैं, लेकिन उनकी फसलों के लाभकारी मूल्य नहीं दिए जाते और आज ऐसी स्थिति आ गई पैदावार बढ़ाने के बाद भी किसान कर्ज की दलदल में फंसता जा रहा है । किसानों ने सरकार से मांग की है किसानों को फसलों के लागत के आधार पर लाभकारी मूल्य दिया जाए। इस मौके पर किसान जस्सी